>

Title: Regarding electricity problem in Lalganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज) : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र लालगंज की तरफ आकृष्ट कराना चाहती हूं, जहां बिजली की समस्या ने बहुत ही विकराल रूप ले लिया है । मेरे संसदीय क्षेत्र में 100 केवी, 63 केवी और 25 केवी के ट्रांसफार्मर सैकड़ों की संख्या में महीनों से जले पड़े हैं, जिसकी सूचना हैल्प लाइन पर देने के बावजूद भी एक माह से ज्यादा हो गया है, लेकिन वहां ट्रांसफार्मर नहीं लग रहे हैं । इसका कारण पूछने पर उच्चाधिकारी बताते हैं कि उनके गोदामों में ट्रांसफार्मर तथा अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं हैं । प्रधान मंत्री सौभाग्य योजना के तहत हमारे क्षेत्र में तार, खम्भे तथा निशुल्क कनेक्शन तो दिए जा रहे हैं, लेकिन वे ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं । हमारे संसदीय क्षेत्र में हाई वॉल्टेज तार कई क्षेत्रों में घनी आबादी से गुजर रही है ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्या, यह विषय राज्य सरकार से संबंधित है ।

श्रीमती संगीता आजाद: महोदय, आप राज्य सरकार को निर्देशित कीजिए कि वे इस समस्या का समाधान करे ।

माननीय अध्यक्ष : बोलेंगे ।

श्रीमती संगीता आजाद : महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र में सैकड़ों गांवों में बीस वर्षों से ज्यादा समय से जर्जर बिजली के तार लगे हैं । रोज जर्जर तार गिरने से कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है । सैकड़ों घर और फसलें बर्बाद हो चुकी हैं । मेरी आपके माध्यम से मांग है कि आप उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करें और इस समस्या का समाधान कराएं ।